मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 103 ■ गुरुवार, 4 जुलाई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

तमन्ना ने गिरवी रखी 7.84 करोड़ की प्रॉपर्टी

# अवैध डांस बार क्यों सील नहीं होते ?

- पुलिस उपायुक्त ने दिया मनपा आयुक्त को पत्र
- सेंट्रल व विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 12 डांस बार
- बार मालिक व चालकों की नींद हराम
- क्या आगे भी होगी कार्रवाई?



वर्षा बार पर मनपा का चला बुलडोजर

**उल्हासनगर.** परिमंडल-4 उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त सुधाकर पठारे ने मनपा आयुक्त को पत्र जारी कर शहर के 12 अवैध डांस बारों की सूची जारी दी है जो मध्यवर्ती व विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में आते हैं। इन 12 बारों में सर्विस व आर्केस्ट्रा के नाम पर धड़ल्ले से डांस बार चलाए जा रहे हैं।

इन बार के परवाना धारकों के नाम भी दिए गए हैं। इन अवैध डांस बारों पर कार्रवाई के लिए दै. उल्हास विकास ने कई बार खबरें दी थी। लेकिन अब मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस व प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए डांस बार पर कार्रवाई कर रही है लेकिन आदेशानुसार उन बारों को सील करना है लेकिन पुलिस व प्रशासन सील की कार्रवाई क्यों नहीं करती। ऐसे में इन डांस बारों के दोबारा शुरु होने की आशंका जताई जा रही है।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद मनपा आयुक्त ने दो बारों पर कार्रवाई कर ली लेकिन कई बारों को छूट दे रखी है इतना ही नहीं बारों के साथ कई जगहों पर हुक्का पार्लर भी चलते हैं उन होटलों व ढाबों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। शहर में कई ढाबे आज भी बिना परमिट चल रहे हैं। चाईनीज स्टॉलों पर शराब बिक रही है ऐसे अवैध ठिकानों पर भी मनपा को कार्रवाई करनी चाहिए। मंगलवार को शिवसेना ठाकरे गुट के जिलाध्यक्ष धनंजय बोडारे अपने पदाधिकारियों के साथ आयुक्त से मिले और कार्रवाई करने का लिखित पत्र दिया. इसी के तहत कल सहायक आयुक्त गणेश शिंपी के नेतृत्व में कैंप नंबर 3 में हीरा घाट के पास वर्षा बार पर जबरदस्त कार्रवाई की गई। कुछ दिनों पूर्व श्रीराम चौक स्थित दो डांस बार एप्पल और एंजल के अनाधिकृत पाए जाने पर कार्रवाई की गई थी।

ज्ञात हो कि 2017 में सबसे बड़ी कार्रवाई श्रीराम चौक स्थित डांस बार पर हुई थी. तब तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर नितिन कापडणीस ने बार में बार बाला के लिए बनाए गए गुप्त तहखानों व कमरों को तोड़ा था, इसलिए यह बार छह महीने के लिए सील भी किया गया था। तो अब यह सील बंदी की कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। सहायक आयुक्त गणेश शिंपी ने बताया कि आयुक्त अजीज शेख के आदेश पर शहर के अन्य बारों के दस्तावेज मंगवाए गए हैं और जो बार अनाधिकृत पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से उल्हासनगर में अनाधिकृत आर्केस्ट्रा के नाम पर चल रहे डांस बार के संचालक काफी परेशान हैं।

## पुलिस उपायुक्त ने जारी की 12 बारों की सूची

### मध्यवर्ती पुलिस थाने क्षेत्र में 7 बार

1) आचल पॅलेस (परवाना धारक श्री ज्ञानसिंग शिवभजन यादव)
2) चांदनी बार (परवाना धारक श्रीमती महेश मेहेरचंदानी)
3) बेवॉच टोपाझ बार (परवाना धारक श्री चंद्रशेखर परमेश्वर शेट्टी)
4) वर्षा बार (परवाना धारक महेंद्र किंगे गोवडा)
5) पैराडाइज बार (परवाना धारक श्री नरेश परशराम भोजवानी)
6) WWF बार (परवाना धारक श्री चंद्रशेखर परमेश्वर शेट्टी)
7) आशियाना बार (परवाना धारक श्री मोहन रहंदोमल साधवानी)

### विट्ठलवाड़ी पुलिस थाने क्षेत्र में 5 बार

8) 100 डेज बार (परवाना धारक तुलसीदास ब्रदीचंद वसीटा)
9) 90 डिग्री बार (परवाना धारक बलदेव चिंमणदास तेजवानी)
10) एपल बार (परवाना धारक मधु प्रकाश तेजवानी)
11) राखी बार (परवाना धारक प्रभु हिरानंद वसीटा)
12) गोल्डन गेट एंजल बार (परवाना धारक हिना हिलीप लोहाणा)

# पुलिस ने अपराधियों की निकाली 'बारात'



## आम नागरिकों ने व्यक्त किया संतोष

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में आतंक फैला रहे अपराधियों को उल्हासनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इससे आम नागरिकों को संतुष्टि मिली। उल्हासनगर क्रमांक एक, दो और तीन क्षेत्र के नागरिकों के बीच आतंक मचाने वाले आरोपी सोहन अनिल पवार और यश सुरेश पवार ने क्षेत्र में जबरदस्त आतंक मचा रखा था. क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों, स्कूल के छात्रों, महिलाओं, युवतियों और बुजुर्ग नागरिकों में भय का माहौल फैल गया था. चूंकि वे दोनों अपराधी थे, इसलिए कोई भी उसके खिलाफ नहीं बोलता था। उनके खिलाफ उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में कई शिकायतें थीं.

इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए, उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक (अपराध) चंद्रहार गोडसे के मार्गदर्शन में, एक पुलिस टीम ने सोहन अनिल पवार और यश सुरेश पवार को रस्सियों से जकड़कर 24 नंबर स्कूल, गोल मैदान, हीरापन्ना बिल्डिंग परिसर से दोनों अपराधियों की 'बारात' निकाली. पुलिसिया खाकी का रंग दिखाने के बाद अपराधियों के चेहरे पर साफ दिख रहा था कि वे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं. क्षेत्र में इनके आतंक को खत्म करने के लिए पुलिस द्वारा अच्छा कदम उठाए जाने से नागरिक संतोष व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस ने इस दौरान कहा कि अगर कोई इलाके में दहशत फैलाकर नागरिकों को परेशान करेगा तो उसके खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी.

## मवेशियों के साथ क्रूरता के आरोप में मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने मवेशियों के साथ क्रूरता करने के आरोप में एक 33 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया।

मवेशियों के संरक्षण के लिए काम करने वाले 32 वर्षीय वॉलंटियर को 30 जून को जानकारी मिली कि तलोजा इलाके में अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया है। जानकारी पाने के बाद एक टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने देखा कि आठ गायों को बांध कर रखा गया है। उनमें से कुछ लहूलुहान थीं और अन्य गायों को ठीक से भोजन भी नहीं दिया गया। वॉलंटियर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## मजदूर की मौत के मामले में दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के गोल मैदान स्थित हीरा पन्ना अपार्टमेंट की छत पर पतरे लगाते समय अचानक पैर फिसलने से एक मजदूर की गिरकर मौत हो गई। इस मामले में उल्हासनगर पुलिस ने बिल्डर और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

उल्हासनगर कैंप नंबर गोल मैदान स्थित हीरा पन्ना अपार्टमेंट की छत पर बारिश के कारण रिसाव हो रहा था। बिल्डिंग के निर्माता नितेश जयराम वधारिया ने बिल्डिंग की छत पर पतरा लगाने का ठेका सतेंद्र प्रसाद को दिया था। इस बिल्डिंग में काम कर रहे दीपक कुमार पंडित की गिर कर मौत हो गयी क्योंकि ठेकेदार ने पतरे लगाते समय मजदूरों की सुरक्षा के लिए हेलमेट, जैकेट, हैंडक्लोज, बूट, रस्सी स्लिंग और अन्य कोई सुरक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं करायी. जिसकी वजह से बिल्डिंग में पतरे लगाते समय दीपक कुमार पंडित की बिल्डिंग की छत से गिरने से मौत हो गई. उल्हासनगर पुलिस ने पंडित की मौत के आरोप में वधारिया और प्रसाद के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है.

# मनपा ने लिया विकलांगों की पेंशन 700 रुपये बढ़ाने का निर्णय

- अब मिलेंगे 2200 रुपये
- मनपा आयुक्त ने लिया निर्णय

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त डॉ. अजीज शेख ने आज विकलांगों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में विकलांगों की पेंशन 700 रुपये बढ़ाने का निर्णय लिया है, अब से विकलांग व्यक्तियों को 1500 से बढ़कर 2200 रुपये मिलेंगे।

दिव्यांग प्रतिनिधियों ने आयुक्त डॉ.अजीज शेख से शहर में दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाने, लंबित समस्याओं का समाधान करने हेतु अपनी मांग रखी थी। बैठक में दिव्यांग विभाग प्रमुख राजेश घनघव, वाहन विभाग प्रमुख विनोद केने, कर विभाग अलका पवार, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, दिव्यांग प्रतिनिधि अशोक भोईर, सचिन सावंत, स्वप्निल पाटिल, नरेश गायकवाड, रेहाना कुरेशी, राजेश साल्वे, टीकम उदासी, नीलेश जाधव, शैलेश



तिवारी शामिल हुए। बैठक में डॉ. अजीज शेख ने दिव्यांगों की 1500 रुपये पेंशन में 700 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की है. इसके साथ ही, सभी विकलांग व्यक्तियों को पहचान पत्र दिए जाएंगे और इस प्रकार उन्हें उल्हासनगर मनपा परिवहन सेवा की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी, बेघर विकलांग व्यक्तियों के लिए एक व्यायामशाला, एक अलग भवन और एक रात्रि आश्रय केंद्र का निर्माण किया जाएगा।

## पेड़ गिरने से घंटों बिजली आपूर्ति ठप्प

- कैम्प-2 झुलेलाल स्कूल परिसर की घटना

**उल्हासनगर.** पिछले कुछ दिनों से पड़ रही बारिश के चलते शहर में पुराने पेड़ों के गिरने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में उल्हासनगर कैंप 2 झूलेलाल स्कूल के पास बिजली के खंभे पर एक पुराना पेड़ गिर गया जिससे बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त होकर नीचे झुक गया। इस घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन पेड़ सड़क पर गिरने से यातायात में परेशानी और घंटों तक स्थानीय परिसर में बिजली आपूर्ति ठप्प रही। सूचना मिलते ही एमएसईबी मौके पर पहुंच गई इलाके में बिजली आपूर्ति काटकर कार्य शुरू किया। फायरब्रिगेड द्वारा पेड़ हटाने का काम शुरु किया गया। मनपा को शहर के पुराने पेड़ों की छटनी करनी चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे।

# संदीप राठौड़ की हत्या के मामले में नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

- बीच बाजार बेरहमी से की गई थी हत्या



**कल्याण.** कल्याण पूर्व में सरेआम बीच सड़क पर संदीप राठौड़ की बेरहमी से हत्या की गई थी। इस मामले में कल्याण की कोलसेवाड़ी पुलिस ने एक नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम अर्जुन उर्फ पेंढ्या, विद्यासागर मूर्ति, साहिल शेख है जबकि अन्य एक आरोपी नाबालिग है।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया। बतादें कि सोमवार की शाम संदीप राठौड़ अपने घर द्वारलीपाड़ा की तरफ जा रहा था। रास्ते में 100 फुटी रोड़ के पास उसने एक वाइन शॉप से बीयर खरीदी। इसी दौरान पेंढ्या और उसके साथियों ने धारदार चॉपर से संदीप पर हमला कर दिया। उन्होंने संदीप को इतनी बुरी तरह मारा कि लहूलुहान हुए संदीप की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हत्याकांड की सूचना मिलते ही कोलसेवाड़ी पुलिस ने मुस्तैदी से आरोपियों की छानबीन शुरू की।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम और उनकी टीम ने चार आरोपियों को धर दबोचा है, जिसमें एक नाबालिग बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

# अंबरनाथ में लाडली बहन योजना का लाभ उठाने के लिए महिलाओं की भीड़

### अब तक 300 ने आय प्रमाणपत्र एवं 70 ने डोमिसाइल के लिए अर्जी दी



⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई योजना 'मुख्यमंत्री लाडली मेरी बहन' के अंतर्गत महिलाओं को हर महिने डेढ़ हजार रुपए दिए जाने की घोषणा के बाद अंबरनाथ तहसील सेतु कार्यालय के बाहर महिलाओं की लंबी कतारें देखी गई. अर्जी के साथ आय प्रमाणपत्र एवं डोमिसाइल प्रमाणपत्र के लिए महिलाओं की भीड़ हो गई थी. मुख्यमंत्री ने मंगलवार रात को इस योजना की कुछ शर्तों को शिथिल करते हुए बताया कि जिसके पास राज्य का जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल का एलसी है और पीले या केसरी रंग का राशन कार्ड वालों के लिए डोमिसाइल और आय प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है. इस योजना की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक किए जाने के बाद तहसील सेतु कार्यालय के समक्ष महिलाओं का रश बुधवार को कम हो गया था. महिलाओं ने सेतु कार्यालय में 300 से ज्यादा आय का प्रमाणपत्र एवं 70 से ज्यादा डोमिसाइन सर्टिफिकेट के लिए अर्जी दी है. 90 से ज्यादा महिलाओं ने योजना का लाभ लेने के लिए अपना निवेदन दाखिल किया है. यहां पर दलाल भी बढ़ गए हैं. महिलाओं से योजना का फार्म भरने के लिए 50 से 100 रुपए लिए जा रहे हैं. तहसीलदार ने इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

विदित हो कि मुख्यमंत्री ने ये भी घोषणा की है कि अगस्त तक जिन महिलाओं ने फार्म भरकर योजना का लाभ लेने की मांग की है, उन सबको जुलाई से 1500 रुपए दिए जाएंगे.

## बस की टक्कर से चाय विक्रेता गंभीर घायल



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 3 स्थित सेक्शन 17 के पास कोलीवाड़ा गली में सुरेश नामक व्यक्ति एक चाय की दुकान में काम करता है। शाम के समय सुरेश हमेशा की तरह दुकानदारों को चाय देने केबी रोड से जा रहा था कि एक बेकाबू बस ने उसे टक्कर मार दी जिससे सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सेंट्रल पुलिस स्टेशन में बस ड्राइवर ने स्वीकार किया कि यह दुर्घटना उसके कारण हुई। इस संबंध में सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

# अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस ने मजीप्रा विभाग पर पानी के लिए मोर्चा निकाला

- अधिकारियों से जवाब-तलब करके निवेदन दिया

⏭ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में जलापूर्ति की समस्या को लेकर मजीप्रा के अधिकारियों के विरोध में भारी रोष देखा जा रहा है. अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कृष्णा रसाल पाटिल ने मजीप्रा कार्यालय पर मोर्चा ले जाकर अधिकारियों से कहा है कि वह शहरवासियों को पानी क्यों नहीं दे रहे हैं. क्यों पानी के लिए लोगों को तरसाया जा रहा है. इसका उत्तर अधिकारी सही ढंग से नहीं दे सके. केवल आश्वासन दिया जाता है कि कुछ दिन रुको पानी की समस्या दूर हो जाएगी. कांग्रेस के कोषाध्यक्ष गोपाल राय ने कार्यकारी अभियंता से सीधा प्रश्न किया कि आज से कुछ वर्ष पूर्व तक शहरवासियों को नियमित पानी मिलता था. अब क्या बात है कि लोगों को पानी नहीं मिल रहा है. महासचिव रोहित प्रजापति ने भी कहा कि जलापूर्ति करने वाले बैरेज डैम, बारवी डैम में पर्याप्त पानी मौजूद है. मजीप्रा का शून्य नियोजन होने से लोग पानी के लिए तरस रहे हैं. अनिता प्रजापति एवं उपस्थित महिलाओं ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि जलापूर्ति के लिए एक समय रखा जाए, कभी-कभी तो रात के 2-3 बजे जलापूर्ति की जाती है. इसलिए उन्हें रात-रात भर जागना पड़ता है. कार्यकारी अभियंता देशपांडे से एड. कृष्णा पाटिल ने कहा कि अब शहरवासियों का संयम टूटता जा रहा है, जो मजीप्रा को भारी पड़ सकता है. उन्होंने एक निवेदन भी देशपांडे को दिया है. उनके साथ राजेंद्र मिश्रा, अजिंक्य लोंढे, सईदा बेगम, जयशंकर, देवडे आदि उपस्थित थे. देशपांडे ने कांग्रेस पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि जल्दी ही पानी की समस्या को हल कर लिया जाएगा.

## एक व्यापारी से 19 लाख की ठगी

**उल्हासनगर.** एक व्यापारी से उन्नीस लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. एक ठग ने फर्जी स्टॉक मार्केट ऐप एमएसएफएल डाउनलोड करवा कर शेयर बाजार में अधिक रिटर्न पाने का लालच दिया था।

उल्हासनगर कैंप नंबर चार स्थित मोरया दर्शन निवासी दीपक रामचन्द्र डोडेजा व्यवसायी हैं। एक अज्ञात शिवांगी अग्रवाल ने अपने MSFL व्हाट्सएप ग्रुप पर दीपक डोडेजा का परिचय कराया। उसके बाद, दीपक डोडेजा ने एक कथित स्टॉक मार्केट ऐप एमएसएफएल डाउनलोड किया और अग्रवाल के अनुरोध पर समय-समय पर इसमें लाखों रुपये का निवेश किया। अग्रवाल ने बार-बार यह कहकर एक माह में 19 लाख पांच हजार रुपये निवेश कर दिये कि उन्हें शेयर बाजार से अधिक रिटर्न मिलता है. लेकिन इतना पैसा लगाने के बाद भी कोई रिटर्न नहीं मिलने पर जब दीपक डोडेजा ने संबंधित व्यक्ति से संपर्क करने की कोशिश की तो वह गायब हो गया।

# उल्हासनगर में सरकारी सर्टिफिकेट के लिए भारी भीड़

- डेढ़ साल से बंद है सेतु केंद्र

**उल्हासनगर.** 'लाड़ली बहना' योजना का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को निवास और आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। महिलाएं तहसील, तलाठी कार्यालय के बाहर कतार में खड़ी हैं. चूंकि सेतु केंद्र बंद है, इसलिए 'आपले सरकार सेवा केंद्र' के सामने ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने और आय एवं निवासी प्रमाण पत्र के लिए अतिरिक्त पैसे देने पड़ रहे हैं. तहसील कार्यालय में सेतु केंद्र बहुत कम कीमत पर विभिन्न



प्रमाण पत्र प्रदान करता है। हालाँकि, सेतु केंद्र पिछले डेढ़ साल से बंद है और नागरिकों को विभिन्न दस्तावेजों के लिए 'अपले सरकार सेवा केंद्र' की मदद लेनी पड़ती है। महिलाओं ने बताया कि प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए उन्हें अतिरिक्त पैसे देने पड़ रहे हैं.

### ऑफिस के बाहर लाइन

इस योजना का लाभ उठाने के लिए राज्य का निवासी होना, चार पहिया वाहन का मालिक न होना और संयुक्त रूप से पांच एकड़ खेत का मालिक न होना जैसे मानदंड रखे गए थे। योजना का लाभ उठाने के लिए सैकड़ों महिलाएं तहसील कार्यालय क्षेत्र में एकत्र हुईं और आय प्रमाण के लिए तलाठी कार्यालय के बाहर लाइन में खड़ी हो गईं। तहसीलदार कल्याणी कदम ने बताया कि नागरिकों को विभिन्न प्रमाणपत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। फिर सेतु या अपने सरकार सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन करें। बीच में किसी कारणवश सेतु को बंद कर दिया गया था। लेकिन सेतु केंद्र को ठेका दिए जाने के बाद यह जल्द ही शुरू हो जाएगा।

## 40 साल पुराना नारियल का पेड़ मेडिकल स्टोर पर गिरा

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के तीसगांव रोड पर सिद्धिविनायक नेत्रालय के सामने लगभग 40 साल पुराना नारियल का पेड़ बुधवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे अचानक गिर गया, जिससे पूरी सड़क अवरुद्ध हो गई. सौभाग्य से, लगभग 50 फीट ऊंचे नारियल के पेड़ के गिरने से कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन रॉयल मेडिकल एंड जनरल स्टोर नामक एक दुकान और एक ऑटो रिक्शा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, केडीएमसी के वार्ड 4 जे की सहायक आयुक्त सविता हिले के मार्गदर्शन में मनपा की टीम द्वारा पेड़ को हटाया.

# यातायात पुलिस इंचार्ज का तबादला

### पूरानीक ने चार्ज संभाला, व्यापारी संघ पदाधिकारियों ने किया स्वागत

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ यातायात विभाग के इंचार्ज सुदेश अजगांवकर का तबादला हो गया है. उनके स्थान पर पुलिस निरीक्षक विजय पूरानीक ने अंबरनाथ का चार्ज संभाला है. अजगांवकर अंबरनाथ से विट्ठलवाड़ी गए हैं, तो पूरानीक दिवा से अंबरनाथ आए हैं.



अंबरनाथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष खानजी धल, महासचिव यूसुफ शेख, ज्वेलर्स एसो. के रूपसिंह धल, हाजी चौधरी, अब्दुल रऊफ ने बुधवार को यातायात कार्यालय जाकर पूरानीक से मुलाकात करके उन्हें पुष्पगुच्छ देकर अंबरनाथ के सभी व्यापारियों की तरफ से उनका स्वागत किया. पूराणीक से शहर की यातायात समस्या पर चर्चा भी हुई. उन्होंने बताया कि कोरोना काल में उन्होंने पूना में पुलिस विभाग के लिए अच्छा कार्य करने पर उनकी प्रशंसा करते हुए सत्कार भी किया गया. खानजी धल ने भी व्यापारियों के लिए व्यापारी संघ की ओर से किए जा रहे कार्य के बारे में पूराणीक को जानकारी दी और कहा कि व्यापारी संघ ने हमेशा यातायात पुलिस को सहकार्य किया है और यातायात पुलिस द्वारा भी सहकार्य की अपेक्षा है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## जीवों के डॉक्यूमेंटेशन से बढ़ीं उम्मीदें

पिछले कुछ दशक से पारिस्थितिकी संतुलन के संदर्भ में समूचे जीव-जगत के संरक्षण पर खूब बातें होती रही हैं। मगर इस तरह की बातों का कोई ठोस हासिल तभी है, जब जमीनी स्तर पर व्यावहारिक कदम उठाए जाएं और उसी के मुताबिक नीतिगत स्तर पर नई पहल किए जाएं। मसलन, धरती की आबोहवा बिगड़ने की चुनौतियों के समांतर जैव-विविधता और उसके संरक्षण के मसले पर अगर ध्यान दिया जाए, तो दुनिया में पारिस्थितिकी से जुड़ी मुश्किलों को भी कुछ कम किया जा सकता है। इस लिहाज से भारत जीव-जंतुओं की विभिन्न प्रजातियों का दस्तावेजीकरण करने वाला पहला देश बन गया है। इसमें एक लाख चार हजार इकसठ प्रजातियों को शामिल किया गया है। यह सूची जीव प्रजातियों पर सबसे पहला व्यापक दस्तावेज है।

इसका सबसे अहम संदेश यही गया है कि दुनिया भर में पर्यावरण में हो रहे बदलावों और नित नई खड़ी हो रही चुनौतियों के बीच भारत प्रकृति संरक्षण को लेकर केवल चिंता नहीं जताता, बल्कि वास्तविक सरोकार भी रखता है। जीव-जंतुओं की इस सूची में स्थानीय और संकटग्रस्त प्रजातियों के साथ ही सूचीबद्ध प्रजातियों को भी शामिल किया गया है। जलवायु परिवर्तन, मानवीय गतिविधियों और जीवनशैली की वजह से दुनिया भर में कई जीवों का अस्तित्व खत्म हो गया या फिर वे विलुप्त होने के कगार पर हैं। जबकि धरती पर जीवधारियों का होना या जैव-विविधता पारिस्थितिकी संतुलन के लिहाज से अनिवार्य है। किसी भी जीव के विलुप्त होने का सीधा असर पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है। इस तरह की सूची बनाने का फायदा यह होगा कि इसके जरिए जीव-जंतुओं का सर्वेक्षण करके उनके लिए भरोसेमंद संरक्षण का इंतजाम और पर्यावरण से सबंधित सूचनाएं तैयार करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, पक्षियों की संख्या में आ रहे बदलाव, उन पर स्थानीय, क्षेत्रीय और महाद्वीपीय स्तर पर मौसम और भूपारिस्थितिकी के असर का आकलन भी किया जा सकता है। इस दस्तावेजीकरण के जरिए वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और पर्यावरणविदों को सभी जीवों की सूची के वर्गीकरण के साथ-साथ इसके आधार पर प्रकृति के संरक्षण के लिए नीतियां बनाने की दिशा में ठोस पहल करने में मदद मिलेगी।

# प्रतिस्पर्धी विचारों की जरूरत, ताकि संसाधनों का हो इस्तेमाल

आधुनिक काल में ब्रिटेन में कड़ी प्रतिद्वंद्विता के कारण छाया मंत्रिमंडल और छाया बजट की रूपरेखा तैयार हुई, जिससे संस्थाओं को प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण एवं योजनाएं पेश करने का मौका मिला। वास्तव में मौजूदा चुनाव में भी सट्टेबाजी और अन्य घोटालों के अलावा प्रमुख मुद्दा टोरिज और लेबर पार्टी के बीच वैचारिक प्रतिद्वंद्विता है। वैकल्पिक बजट केवल ब्रिटेन में ही नहीं, बल्कि ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड और दक्षिण अफ्रीका तक में प्रचलित है।

इसी महीने बाद में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 2024–25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी। यह कवायद ऐसे समय हो रही है, जब कुछ दिनों पहले लोकसभा चुनाव में दोनों गठबंधनों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर घोषणापत्रों एवं बयानबाजी के जरिये अपने दृष्टिकोण पेश किए, जिनमें बेरोजगारी, कृषि संकट, महंगाई, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दे शामिल थे। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र (न्याय पत्र) में कई विचार पेश किए। भाजपा के प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण 'मोदी की गारंटी' की झलक स्पष्ट रूप में बजट में दिखेगी। आम तौर पर किसी भी बजट के बाद होने वाली बहस दावों और प्रतिदावों के शोर की प्रतिस्पर्धा होती है। इसके बाद विलाप का एक सुनियोजित कोरस होता है कि किसने किया और क्या नहीं किया। इस बहस में बजट आवंटन पर कोई सूचना नहीं होती। विपक्ष हमेशा दावा करता है कि इसे बेहतर किया जा सकता था। सवाल उठता है कि विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों को छाया मंत्रिमंडल बनाने से कौन




रोकता है, जिसमें मंत्री मंत्रालयों की निगरानी करते हैं और एक प्रतिस्पर्धी बजट पेश करते हैं। विपक्षी गठबंधन अपने दावों को दस्तावेज के रूप में क्यों नहीं 'दूध का दूध और पानी का पानी' की तरह साबित कर सकता?

सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध जानकारी तक विपक्ष की पहुंच है। फरवरी, 2024 में पेश किए गए अंतरिम बजट में बुनियादी मैक्रो डाटा शामिल है। इसके अलावा, पूर्वानुमानों के अद्यतन आंकड़े भी उपलब्ध हैं-इसमें 2023-24 के लिए जीडीपी के अनंतिम अनुमान, बेहतर प्रत्यक्ष कर संग्रह का विवरण, जीएसटी प्राप्तियों के आंकड़े, भारतीय रिजर्व बैंक से अधिशेष, मौद्रिक नीति समिति के बयानों में विकास और मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान शामिल हैं। वैकल्पिक बजट को सरकार द्वारा बजट पेश किए जाने के एक या दो दिन पहले या बजट के एक दिन बाद जारी किया जा सकता है।

बजट तैयार करना राजनीतिक एवं आर्थिक आवश्यकताओं को एक साथ जोड़ने का विज्ञान और कला, दोनों है। यह देश के लोगों के लिए उपयोगी होगा, ताकि वे 'विकास के एजेंडे को कैसे तैयार किया जाए' इस पर दोनों पक्षों के फोकस और दृष्टिकोण की तुलना कर पाएंगे। चुनाव अभियान ने मुद्रास्फीति, कृषि संकट और बेरोजगारी के मुद्दों पर बढ़ती चिंता और मध्यम वर्ग की कथित उपेक्षा की पीड़ा को उजागर किया। कांग्रेस के पास यह दिखाने का अवसर है कि वह किस तरह से अपने विचारों को सामने रखेगी और अर्थव्यवस्था को गति देगी। मसलन, प्रशिक्षुता कार्यक्रम और प्रति वर्ष एक लाख रुपये का भुगतान, प्रत्येक गरीब परिवार को एक लाख रुपये बिना शर्त नकद हस्तांतरण की महालक्ष्मी योजना। यह कोई रहस्य नहीं है कि नोटबंदी, जीएसटी की शुरुआत और कोरोना महामारी जैसे कई व्यवधानों के कारण राज्यों में कई अनौपचारिक उद्यम और एमएसएमई बंद हो गए।

असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के ताजा वार्षिक सर्वे के विश्लेषण से पता चलता है कि 18 लाख उद्यमों के बंद होने से 50 लाख से ज्यादा नौकरियों का नुकसान हुआ। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन उत्तर प्रदेश या महाराष्ट्र में कौशल विकास वृत्ति द्वारा सक्षम एक मॉडल कार्यक्रम या 'आकांक्षी जिलों' में एक बड़ा कार्यक्रम पेश कर सकता है। यह भी सबको मालूम है कि प्राथमिक स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में जरूरत और उपलब्धता के बीच भारी अंतर है। विपक्षी पार्टियां स्वास्थ्य और अन्य पहलों के विस्तार के लिए एक फंडिंग योजना की रूपरेखा बना सकती हैं, साथ ही विकास को समर्थन देने के लिए एक विधायी एजेंडा भी बना सकती हैं।



ध्यानाभ्यास इस प्रेम-रहित संसार में प्रेम लाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# हादसों के आयोजन पर बड़ा सवाल

यह समझ से परे है कि किसी कार्यक्रम के आयोजकों का जितना जोर भीड़ जुटाने पर होता है, उसका एक अंश भी उस भीड़ को व्यवस्थित करने पर क्यों नहीं होता। अक्सर धार्मिक उत्सवों, मेलों, सत्संग, यज्ञ आदि के आयोजन में व्यवस्थागत खामियों के चलते भगदड़ मचने, दम घुटने, पंडाल वगैरह के गिरने से लोगों के नाहक मारे जाने की घटनाएं हो जाती हैं। इसके अनेक उदाहरण हैं, मगर उनसे शायद सबक लेने की जरूरत नहीं समझी जाती और फिर नए हादसे हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुआ हादसा इसकी ताजा कड़ी है।

बताया जा रहा है कि वहां महीने के पहले मंगलवार को तीन घंटे के सत्संग का आयोजन किया गया था। उसमें देश के अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालु आए हुए थे। करीब पचास हजार लोगों की भीड़ जुटी बताई जा रही है। सत्संग की समाप्ति के बाद अचानक भगदड़ मच गई और सौ से ऊपर लोग दब कर मर गए, दो सौ से अधिक के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि सत्संग समाप्ति के बाद जब मुख्य महात्मा का काफिला वहां से रवाना हुआ तो भीड़ को जबरन रोक दिया गया। भीषण गर्मी और उमस के कारण कई लोग बेहोश हो गए, जिसकी वजह से भगदड़ मची। हालांकि हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और उसके बाद ही असली वजह पता चल सकेगी।

निस्संदेह इतने बड़े आयोजन में जुटने वाली भीड़ का अंदाजा आयोजकों को रहा होगा। इस भीषण गर्मी में हजारों लोगों के एक जगह इकट्ठा लोगों पर क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान भी उन्हें रहा होगा। मगर फिर भी लोगों के लिए छाया-



हवा-पानी का माकूल इंतजाम क्यों नहीं किया गया। ऐसे आयोजनों में व्यवस्था की जिम्मेदारी आयोजक खुद उठाते हैं। वे अपने स्वयंसेवकों के जरिए आयोजन स्थल पर लोगों के प्रवेश और निकास का प्रबंध करते हैं। बताया जा रहा है कि इस सत्संग का आयोजन पिछले दस वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में किया जा रहा है। इसलिए इसके आयोजकों और स्वयंसेवकों में अनुभव की कमी भी नहीं मानी जा सकती। फिर कैसे उन्हें इस तरह के हादसे का अंदेशा नहीं था। अगर भीड़ मुख्य महात्मा के करीब पहुंचने या उनके काफिले के पीछे जाने को उतावली हो उठी, तो जाहिर है, ऐसा तभी हुआ होगा, जब दोनों के रास्ते अलग से तय नहीं किए गए थे। सवाल यह भी है कि बगैर व्यवस्था जांचे स्थानीय प्रशासन ने कैसे इस आयोजन की इजाजत दे दी।

ऐसे हादसे न केवल धार्मिक आयोजनों में, बल्कि राजनीतिक रैलियों, विभिन्न मेलों, सांस्कृतिक उत्सवों आदि में भी हो चुके हैं। यह ठीक है कि निजी या सार्वजनिक प्रयासों से आयोजित होने वाले इतने विशाल कार्यक्रमों को संभालने के लिए स्थानीय स्तर पर पुलिस बल उपलब्ध कराना कठिन काम है, मगर इस तर्क पर प्रशासन की जवाबदेही समाप्त नहीं हो जाती।

इस तरह का कोई भी आयोजन बिना प्रशासन की पूर्व अनुमति के नहीं हो सकता। फिर प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि आयोजन स्थल की व्यवस्था जांचे और आयोजकों की जवाबदेही तय करे। मगर जिन आयोजनों से लोगों की आस्था जुड़ी होती है, उनमें प्रशासन अक्सर ढीला ही देखा जाता है। आखिर कब इस तरह के हादसों को रोकने के लिए कोई सख्त नियम-कायदा बनेगा। ऐसे हादसों की जवाबदेही तय करने के लिए कब कोई नजीर बन सकने वाली कार्रवाई होगी।

# अमेरिका में दिखे एलियंस, वो भी सड़क पर!

जरा हट के

एलियंस होते हैं या नहीं, इसे लेकर लंबे समय से बहस चली आ रही है. जहां आजतक ऐसे कोई सबूत नहीं मिल पाया या किसी ने आधिकारिक रुप से एलियंस के होने या न होने की पुष्टि की, वहीं सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आते रहते हैं, जिसमें इनके होने का दावा किया जाता है. विदेशों में, खासकर अमेरिका में एलियंस के दिखने या यूएफओ स्पॉट किये जाने की खबरें सबसे ज्यादा सामने आती हैं. एक बार फिर एक ऐसी ही घटना सुर्खियों में है. अब तक सिर्फ उड़न तश्तरी की बातें ही आपने सुनी होंगी. हालांकि अमेरिका के मिसौरी में जो घटना हुई, उसने वहां मौजूद लोगों को दंग कर दिया. यहां सड़क पर एक यूएफओ जैसी चीज़ दौड़ती हुई नज़र आई, चलिए जानते हैं कि आखिर ये है क्या? आप तस्वीर देखकर एक बार तो मान ही लेंगे कि सड़क पर यूएफओ उड़ नहीं रहा बल्कि दौड़ रहा है.



डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक ये अजीबोगरीब नज़ारा अमेरिकन राज्य मिसौरी की क्रॉफोर्ड काउंटी में हुई, जिसे खुद पुलिस अफसरों ने सार्वजनिक किया है. यहां रोज़वेल फेस्टिवल के लिए जा रहे लोगों के बीच कार की जगह एक ऐसा वाहन दिखा, जिसकी उन्हें कल्पना भी नहीं थी. ये बिल्कुल यूएफओ की तरह थी और उसके खुलने के लिए ऊपर की ओर ढक्कन भी था. पुलिस ने इसकी हाई स्पीड की वजह से इसे रास्ते में ही रोक लिया, फिर उनके सामने यूएफओ जैसे इस वाहन ने ड्राइवर के तौर पर एक इंसान निकला.

पुलिस को ये समझते हुए देर नहीं लगी कि ये ड्राइवर की क्रिएटिविटी है, जिसने पूरी कार को ही एक उड़न तश्तरी का लुक दे दिया है. फेसबुक पर ये घटना शेयर करते हुए पुलिस ने लिखा – 'आप नहीं जान सकते हैं कि आपको क्रॉफोर्ड काउंटी में क्या मिल जाएगा. ये वास्तव में इस दुनिया से अलग की चीज़ है.' इंडी स्टार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये बेहद अजीब था लेकिन लोगों के चेहरे पर स्माइल दे गया. लोगों ने इस पोस्ट पर दिलचस्प रिएक्शन दिए और शख्स की रचनात्मकता की तारीफ की.

खाना-खजाना

# चीज़ राइस कटलेट

**सामग्री :**

- 1 कप उबले चावल
- 1/2 कप उबला हुआ, मसला हुआ मक्का
- 2 बड़े चम्मच सूजी
- 1/4 चम्मच हल्दी
- नमक आवश्यकतानुसार
- 2 बड़े चम्मच वर्जिन जैतून का तेल
- 1 बड़ा प्याज
- 1 चम्मच लहसुन का पेस्ट
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच धनिया पाउडर
- आवश्यकतानुसार पनीर के टुकड़े

**विधि :**

एक पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल गर्म करें. अब इसमें कटा हुआ प्याज डालें और एक मिनट तक भूनें. अब लहसुन का पेस्ट डालें, मिलाएं और तब तक पकाएँ जब तक प्याज का रंग ट्रांसलूसेंट न हो जाए. अब पैन में उबले और मसले हुए स्वीट कॉर्न डालें. साथ ही लाल मिर्च पाउडर, हल्दी, धनिया पाउडर और स्वादानुसार नमक भी डालें. मिलाएं और कुछ मिनट तक पकाएं.



अब बचे हुए उबले चावल को एक बाउल में निकाल लें और अच्छे से मैश कर लें. सब्जियों के मिश्रण को कटोरे में डालें , साथ में 2 बड़े चम्मच भुनी हुई सूजी भी डालें. गाढ़ा मिश्रण बनाने के लिए अच्छी तरह मिलाएं.

अब मिश्रण से छोटी-छोटी टिक्कियां बना लें, बीच में पनीर का एक छोटा टुकड़ा भरकर प्लेट में रख लें.

एक पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल गर्म करें. टिक्कियों को दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने तक तल लीजिए. पकने के बाद आपकी टिक्की परोसने के लिए तैयार है. टमाटर केचप और पुदीने की चटनी के साथ परोसें.

# मधुमेह में खतरनाक हो सकते हैं कई फल और सब्जियां



### जानें इस मौसम में क्या खाएं रोगी

इस मौसम में ढेर सारे फल-सब्जियां आती हैं, मगर डायबिटीज रोगियों को कई फल-सब्जी नुकसान भी करते हैं। ऐसे में उन्हें किन खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए? मधुमेह यानी डायबिटीज जीवन-शैली से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है, जो खान-पान से सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। आप भले ही दवाएं ले रही हों या इंसुलिन, लेकिन आपकी डाइट में क्या शामिल है, आप क्या खाती हैं और क्या नहीं, यह बेहद मायने रखता है। अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन (एडीए) के अनुसार, इस मौसम में जिन फलों, सब्जियों और पेय में फाइबर के साथ विटामिन की भरपूर मात्रा होती है और केमिकल कम होता है, उन का सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी होता है।

### कौन-कौन से फल

डायबिटीज के मरीजों को कुछ चुनिंदा फल खाने की ही अनुमति होती है, जिनमें से वे तरबूज, बेरीज, कीवी और अमरूद खा सकते हैं, क्योंकि इनका जीआई टैग कम होता है और ये ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रण करते हैं। इन फलों में कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व, जैसे कि एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ए, आयरन, कैल्शियम और पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो आपको ऊर्जा के साथ-साथ ठंडक भी देती है। गर्मियों में इन फलों के साथ कई तरह की बेरीज बाजार में मिलती है, जैसे कि स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी और शहतूत। बेरीज में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड शुगर को बढ़ने नहीं देती। अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के अनुसार, डायबिटीज के मरीजों को फलों और सब्जियों के जूस के मुकाबले उनका साबुत रूप में सेवन करना चाहिए।

### सब्जियों में क्या

डायबिटीज के रोगियों के लिए विभिन्न प्रकार की सब्जियों का सेवन करना महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इस मौसम में आपको अपने आहार में मुख्य रूप से खीरा, करेला, आंवला, धनिया, लौकी, अदरक और हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करना चाहिए।

ये सब्जियां आपके शरीर को हाइड्रेट रखती हैं, विटामिन ए, विटामिन बी एवं फाइबर मुहैया कराती हैं और कैलोरी को कम करती हैं, जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। इन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं और पाचन में सुधार लाते हैं, साथ ही हरी पत्तेदार सब्जियां विटामिन, मिनरल और फाइबर से भरपूर होती हैं, जिनमें कैलोरी कम होती है। इसलिए ये डायबिटीज के रोगियों के लिए उत्तम हैं।

### पेय पदार्थ भी जान लें

गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने के लिए हम तरह-तरह के पेय पीते हैं, लेकिन डायबिटीज रोगियों को इन पेय का चुनाव सोच-समझकर करना चाहिए। डायबिटीज के मरीजों के लिए नमकीन लस्सी, बेल का शरबत, सत्तू का पानी, अदरक एवं नींबू पानी और खीरे एवं पुदीने का शरबत पीना सबसे उत्तम रहता है, क्योंकि इनमें नेचुरल फाइबर, आयरन, एंटीऑक्सीडेंट, कार्बोहाइड्रेट और फॉलेट यानी फोलिक एसिड होती है। ये सभी ड्रिंक शुगर लेस होती हैं, जो आपको कूल रखती है और आप इनको बगैर किसी चिंता के पी सकती हैं। इनको आप ठंडे पानी, बर्फ के टुकड़े और जीरा पाउडर डालकर या अपनी पसंद के तरीके से बनाकर भी पी सकती हैं। ये पेय पदार्थ आपको हाइड्रेट रखते हैं और जरूरी पोषक तत्व भी मुहैया कराते हैं, जो कि ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ** : परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जल्दबाजी न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं।

**मिथुन** : आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक चिंता रहेगी।

**कर्क** : आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी।

**सिंह** : नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। दुष्टजनों से सावधान रहें। प्रमाद न करें। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

**कन्या** : बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय होगी। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा। लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे।

**वृश्चिक** : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं।

**धनु** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। रोजगार मिलेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कानूनी अड़चन सामने आएगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी।

**मकर** : मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। कहासुनी हो सकती है।

**कुंभ** : व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मीन** : उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंगे। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बारिश में ऐसे करें किचन के सामान को स्टोर



### नहीं होंगे जल्दी खराब

बारिश के मौसम में घरों में सीलन महसूस होती है। जिसकी वजह से रसोई मे रखे सामान जल्दी खराब हो जाते हैं। मसाले हों या फिर कॉफी, बिस्कुट, नमकीन जैसी काफी सारी चीजें नमी से खराब होने लगती हैं और दाल वगैरह में कीड़े लगने लगते हैं। इन सामान को स्टोर करने के लिए इन टिप्स की मदद लें। जो आसानी से सामान को बारिश में बचाकर रखने में मदद करेंगी।

### एयरटाइट डिब्बे इस्तेमाल करें

बारिश के मौसम में सामान रखने के लिए डिब्बों का इस्तेमाल करें। अगर सामान ज्यादा जल्दी खराब हो जाता है डिब्बे का मुंह छोटा रखें। इससे डिब्बे में नमी कम जाएगी और सामान कम खराब होगा।

### कॉफी को नमी से बचाने का उपाय

कॉफी को नमी से बचाना चाहती हैं तो डिब्बे में नैपकिन में करके चावल के कुछ दाने रख दें। इससे कॉफी में नमी नहीं होगी। साथ ही कॉफी में कभी भी स्टील का चम्मच डालकर कॉफी नहीं निकालनी चाहिए। स्टील के चम्मच की ठंडक भी कॉफी में नमी पैदा कर देती है।

### बिस्कुट को नमी से कैसे बचाएं

बिस्कुट को डिब्बे के अंदर पैकेट सहित रखें और कुछ दाने चीनी के डाल दें। इससे बिस्कुट जल्दी नहीं नमी खाते हैं।

### दाल को कीड़े लगने से कैसे बचाएं

दालों के सारे डिब्बे जिसमे मसूर, मूंग से लेकर चना राजमा तक शामिल है। उसमे तेजपत्ता के पत्ते डालें और साथ में माचिस की एक दो तीली डाल दें। इससे दालें खराब नहीं होंगी। हालांकि आटे के डिब्बे में केवल तेजपत्ता ही डालें।

# परवल खाने के फायदे कर देंगे हैरान

## वेट लॉस से लेकर ग्लोइंग स्किन में करता है मदद

परवल सिर्फ स्वाद ही नहीं सेहत के लिए भी यह काफी फायदेमंद है। फैट लॉस से लेकर ग्लोइंग स्किन तक, परवल खाने के कई फायदे हैं। आज हम आपको इसके ढेर सारे फायदे बताने वाले हैं जिन्हें सुनकर आप परवल को अपनी डेली डाइट में शामिल करने के लिए भी खाने में परवल को शामिल किया जा सकता है। इसे खाने से चेहरे के रिंकल्स, फाइन लाइंस और दाग–धब्बे खत्म होते हैं। गर्मी के मौसम में चेहरे पर जो डलनेस आ जाती है, परवल खाने से वो भी दूर हो जाती है और चेहरे पर निखार साफ नजर आता है।

### कई विटामिन और फाइबर से भरपूर है परवल

गर्मियों के मौसम में हर किसी की फेवरेट सब्जी और सब्जियों की दुकान की शान, परवल में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं। परवल में विटामिन सी, फाइबर और पोटेशियम अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। इसे खाने से शरीर को लगभग सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं और शरीर स्वस्थ रहता है।



### पाना चाहते हैं ग्लोइंग स्किन तो डाइट में करें शामिल

परवल में पाए जाने वाले विटामिन्स और मिनरल्स स्किन को ग्लो करने में मदद करते हैं। चेहरे पर बढ़ती उम्र का असर कम करने

### परवल से ठीक होता है डाइजेशन, होता है वेट लॉस

परवल में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है जिससे डाइजेशन ठीक होता है और साथ ही कब्ज और एसिडिटी की प्रॉब्लम भी खत्म होती है। परवल खाने से पेट से जुड़ी समस्याओं में आराम मिलता है। इसके साथ ही इसमें कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है और फैट भी नहीं पाया जाता है। अगर आपका वजन भी तेजी से बढ़ जाता है तो आपको अपनी डाइट में परवल जरूर शामिल करना चाहिए। परवल खाने से बढ़ते हुए वजन को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है।

### दवा की तरह भी करता है काम

परवल की सब्जी एक हेल्थी डाइट तो है ही, साथ ही इसका इस्तेमाल कई तरह से दवा के रूप में भी किया जाता है। परवल के पौधे की जड़ को पीसकर इसका लेप सिर में लगाने से सिर दर्द की समस्या खत्म होती है। परवल को घी में पका कर खाने से आंखों की रोशनी तेज होती है। इसकी सब्जी खाने से डायबिटीज भी कंट्रोल में रहता है। स्किन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में भी परवल काफी मदद करता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बैठोले हत्याकांड का खुलासा, अवैध संबंधों के चलते 2 दोस्तों ने मिलकर की थी हत्या

**संतकबीर नगर.** यूपी के संतकबीर नगर के विजय बहादुर उर्फ बैठोले हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। इस हत्या को अंजाम किसी और ने नहीं बल्कि उसी के दो दोस्तों ने दिया था। तीनों एक साथ एक ही दुकान पर काम करते थे। पुलिस के सामने कबूलनामे में रामसजीवन ने बताया कि मृतक विजय बहादुर उर्फ बैठोले का उसकी बीवी के साथ अवैध संबंध था। इसे लेकर गांव में बेइज्जती होती थी। इस कारण उसने अपने दूसरे दोस्त विजय के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और 24 जून को घटना को अंजाम दे दिया।

### मां को फ्रिज से चिपका देख बचाने गई बेटी, सेकेंडों में दोनों की दर्दनाक मौत

**देवरिया.** यूपी के देवरिया में बुधवार को एक मां और बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान तीन साल का एक बच्चा झुलस गया। मां फ्रिज से आम निकालने गई थी तभी उसमें करंट उतर गया। मां को फ्रिज से चिपका देख बचाने गई बेटी भी करंट की चपेट में आ गई। सेकेंडों में दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देवरिया के रुद्रपुर क्षेत्र में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार रुद्रपुर नगर पंचायत के आजाद नगर निवासी इस्तखार अंसारी उर्फ भंडारी की पत्नी शाहिदा (उम्र 55 वर्ष) बुधवार की दोपहर में करीब 12 बजे घर में रखे फ्रिज से आम निकालने गई थीं। उसी दौरान फ्रिज में करंट उतरने से वह उससे चिपक गईं। पास खड़े 3 साल के बच्चे इरफान अंसारी उर्फ सोनू को भी करंट लगा और झटके से वह दूर जा गिरा। मां को फ्रिज से चिपका देख बेटी अफसाना (उम्र 30 वर्ष) उन्हें बचाने गईं। अफसाना भी करंट की चपेट में आ गईं। वह भी फ्रिज से चिपक गईं। देखते ही देखते मां-बेटी ने दम तोड़ दिया।

### इश्क में पति-बच्चों को छोड़ आई प्रेमिका संग धोखा, प्रेमी ने किया खेल

**पीलीभीत.** मुंबई में काम करने गए युवक की शादीशुदा महिला से जान पहचान हो गई। ऐश आराम की जिंदगी बिताने का झांसा देकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। कुछ दिन पहले दोनों वहां से भागकर दिल्ली पहुंच गए। एक सप्ताह पहले प्रेमी चुपके से गांव चला आया। जानकारी कर महिला प्रेमी के घर पहुंच कर हंगामा काटा। इससे पहले आरोपी घर से निकल गया। महिला शादी की जिद पर कई दिन से युवक के घर डेरा जमाए हुए है। पूरनपुर के सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक पिछले साल मुंबई में काम करने गया था। इसी बीच बिहार के सीतामढ़ी क्षेत्र की रहने वाली एक शादीशुदा महिला से प्रेम-प्रसंग हो गया। युवक ने खुद का पांच मंजिल घर और ऐश आराम की जिंदगी बिताने का लालच देकर उसे अपने झांसे में फंसा लिया। कुछ दिन पहले विवाहिता अपने पति और बच्चे को छोड़कर प्रेमी के साथ दिल्ली आ गई। यहां दोनों किराए का कमरा लेकर रहने लगे। एक पखवाड़ा पहले प्रेमी बिना बताए गांव आ गया। उसने अपना नंबर भी स्विच ऑफ कर लिया। परेशान महिला ने प्रेमी के बारे में जानकारी जुटाई। युवक का आधार कार्ड मिलने के बाद महिला पांच पहले सेहरामऊ क्षेत्र में पहुंच गई। नाम पता पूछने के बाद घर पहुंची महिला ने प्रेमी के न मिलने पर जमकर हंगामा काटा।

# चरणों की धूल लेने टूटी भीड़ और मची भगदड़

- **हाथरस में वॉलंटियर्स ने पानी की बौछार की**
- **लोग भागते हुए एक-दूसरे को रौंदने लगे**

**हाथरस.** UP के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 122 लोगों की मौत हुई है। भगदड़ मचने की मुख्य वजह बाबा के चरणों की धूल लेने के लिए मची भदगड़ थी। भोले बाबा जब निकले, तो चरण रज लेने के लिए महिलाएं टूट पड़ीं। भीड़ हटाने के लिए वॉलंटियर्स ने वाटर कैनन का उपयोग किया। बचने के लिए भीड़ इधर-उधर भागने लगी और भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे को रौंदते हुए आगे बढ़ने लगे।

ADG जोन आगरा अनुपम ने भी चरण रज वाली बात कही है। उन्होंने कहा- महिलाओं से बातचीत में यह बात सामने आई है। हालांकि, यह पूरी चीज जांच का विषय है। हाथरस के फुलरई गांव में भोलेनाथ बाबा का एक दिन का सत्संग था। यह सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक था। इसमें एक लाख से ज्यादा की भीड़ जुटी थी।

सत्संग स्थल पर एक शख्स ने दैनिक भास्कर को बताया- सत्संग खत्म होने के बाद भोले बाबा निकले। उनके चरणों की धूल लेने के लिए सैकड़ों की भीड़ बाहर की ओर दौड़ी। जैसे ही लोग झुककर धूल उठाने लगे, भगदड़ मच गई। इसके बाद एक के ऊपर एक चढ़कर लोग बाबा के चरणों की धूल उठाने लगे। इसी चक्कर में इतना बड़ा हादसा हो गया।



### सड़क पर आए तो मची भगदड़

प्रत्यक्षदर्शी हीरालाल सिंह बताते हैं- जैसे ही सत्संग समाप्त हुआ, हम वहां से अच्छी तरह से निकलकर बाहर रोड तक आ गए। कोई दिक्कत नहीं थी। सही-सलामत चल रहे थे। फिर अचानक भीड़ इकट्ठा हो गई। उसमें कुछ मोटरसाइकिलें भी थीं। इसमें महिलाएं और बच्चे संभल नहीं पाए। मेरी बच्ची सड़क पर गिरी और फिर वो उठ नहीं पाई। ये पूछने पर कि अंदर क्या हुआ था? हीरालाल कहते हैं- अंदर कुछ नहीं हुआ। ये रोड पर हुआ हादसा है। हम अंदर से अच्छी तरह निकलकर बाहर आ गए। कोई दिक्कत नहीं हुई। बाहर सड़क पर भीड़ कहां से आई, कुछ पता नहीं लगा।

### प्रशासन ने पूरी व्यवस्था वॉलंटियर्स पर छोड़ी

सत्संग में एक लाख से ज्यादा की भीड़ थी, लेकिन प्रशासन ने पूरी व्यवस्था बाबा के वॉलंटियर्स पर छोड़ दी। वॉलंटियर्स इतनी बड़ी भीड़ नहीं संभाल पाए। लोगों के मुताबिक, खेत में सत्संग था। हाईवे के किनारे नीचे गड्ढे थे। खेत जुता था। पानी की वजह से कीचड़ हो गया था। इस वजह से लोग वहां से भाग नहीं पाए।

### लखनऊ में NEET छात्रा पर एसिड अटैक, आधा चेहरा बुरी तरह झुलसा


**लखनऊ.** लखनऊ में बुधवार सुबह NEET की छात्रा पर सिरफिरे युवक ने एसिड फेंक दिया। छात्रा अपने भाई के साथ NEET काउंसिलिंग में जा रही थी। बचाने में छात्रा का भाई भी झुलस गया है। वारदात चौक इलाके के लोहिया पार्क के पास सुबह करीब 8 बजे हुई। पुलिस दोनों भाई-बहन को KGMU लेकर गई। दोनों को प्लास्टिक सर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया गया है। छात्रा का भाई KGMU में MBBS फर्स्ट ईयर का छात्र है। छात्रा के पिता शरद तिवारी व्यापार मंडल के पदाधिकारी हैं और चौक इलाके में व्यापार करते हैं। चाचा संदीप तिवारी भाजपा में मंडल उपाध्यक्ष हैं। आरोपी का नाम अमन वर्मा बताया जा रहा है।

# राज्यसभा में PM मोदी की स्पीच, विपक्ष का वॉकआउट

- **PM बोले- पेपर लीक के दोषियों को छोड़ेंगे नहीं**
- **मणिपुर की स्थिति सामान्य हो रही है**

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में प्रधानमंत्री ने NEET, मणिपुर संविधान, कांग्रेस, पश्चिम बंगाल, रोजगार, भ्रष्टाचार, CBI-ED, फेडरलिज्म, इमरजेंसी, जम्मू-कश्मीर, इंदिरा, राहुल, दलितों पर बोले।

प्रधानमंत्री जब 32 मिनट बोल चुके थे, तब विपक्ष के नेताओं ने सदन से वॉकआउट किया। वॉकआउट प्रधानमंत्री द्वारा सोनिया गांधी पर निशाना साधने के बाद हुआ। उन्होंने कहा- ये लोग ऐसे हैं, जो ऑटो पायलट और रिमोट पायलट पर सरकार चलाने के आदी हैं। वे काम करने में विश्वास नहीं रखते, वे बस इंतजार करना जानते हैं। इस पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बोले- ये लोग मुझे नहीं, संविधान को पीठ दिखा रहे हैं। PM ने कहा- कल उनकी सारी हरकतें फेल हो गईं, इसलिए वे मैदान छोड़कर भाग गए। नारे लगाना, चिल्लाना और भाग जाना, यही उनकी नियति है।



PM बोले- पेपर लीक के दोषियों को छोड़ेंगे नहीं; मणिपुर की स्थिति सामान्य हो रही है

### मोदी के भाषण की खास बातें...

**1** पेपर लीक एक बड़ी समस्या है। मेरी इच्छा थी, सारे दल इस पर अपनी राय रखते। लेकिन यह मुद्दा भी इन्होंने राजनीति की भेंट चढ़ा दी। मैं देश के नौजवानों को आश्वस्त करता हूं कि आपको धोखा देने वालों को यह सरकार छोड़ने वाली नहीं है। इन्हें सख्त सजा मिले, इसलिए एक के बाद एक एक्शन लिए जा रहे हैं। हमने इसके लिए सख्त कानून बनाया है।

**2** मणिपुर में लगातार हिंसक घटनाएं कम हो रही हैं। स्कूल कॉलेज दफ्तर और अन्य संस्थान चल रहे हैं। मणिपुर में भी परीक्षाएं हुई हैं। जो भी तत्व मणिपुर की आग में घी डाल रहे हैं, एक समय आएगा जब मणिपुर उन्हें रिजेक्ट कर देगा।

**3** बहुत सी पार्टियां उनके (कांग्रेस के) साथ बैठी हैं, वह अल्पसंख्यकों की हितैषी होने का दावा करती हैं। वे मुजफ्फरनगर तुर्कमान गेट पर क्या हुआ, उसको क्लीन चिट देती है। ऐसे लोग हाथ में संविधान की कॉपी लेकर अपने काले कारनामे छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

**4** आपातकाल एक राजनीतिक संकट नहीं था। लोकतंत्र संविधान के साथ-साथ एक मानवीय संकट भी था। अनेक लोगों की मौत हुई। जय प्रकाश नारायण की हालत ऐसी थी कि वे जेल से आकर कभी ठीक नहीं हो पाए। वो दिन ऐसे थे, जो कुछ लोग घर से निकले वे लौटकर नहीं आए। उनके शव तक नहीं मिले।

**5** जिन्हें सजा मिली है, उनके साथ ये (कांग्रेस नेता) तस्वीरें निकाल रहे हैं। जब भ्रष्टाचारी जेल जा रहे हैं तो ये हंगामा कर रहे हैं। यहां केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आरोप लगाए कि सरकार इनका दुरुपयोग कर रही है। भ्रष्टाचार करे आम आदमी पार्टी (AAP), शराब घोटाला करे AAP, बच्चो के काम में घोटाला करे AAP। AAP की शिकायत करे कांग्रेस और AAP को कोर्ट में ले जाए कांग्रेस। कार्रवाई हो तो गाली मोदी को। अब AAP और कांग्रेस साथी बन गए हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनाव के लिए नहीं लड़ता, ये मेरा मिशन है।

# हेमंत सोरेन को फिर झारखंड सीएम बनाने की तैयारी

- **जमीन घोटाला मामले में 5 महीने जेल में रहे**
- **चंपाई बनेंगे JMM के कार्यकारी अध्यक्ष**



**रांची.** झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। रांची में सीएम हाउस में चल रही बैठक के अंदर से खबर आ रही है कि झारखंड में सीएम का चेहरा बदलना तय है। सूत्रों की मानें तो हेमंत सोरेन फिर से सीएम की कुर्सी पर बैठेंगे।

वहीं चंपाई सोरेन जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। हालांकि, अभी भी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन अभी चेन्नई में हैं। वे आज शाम 7 बजे तक रांची लौट सकते हैं। बताया जा रहा है कि चंपाई सोरेन राज्यपाल के आते ही अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन 5 दिन पहले जेल से रिहा हुए हैं। उनकी रिहाई के साथ ही झारखंड की राजनीति गरमा गई है। सीएम आवास पर आज इंडिया ब्लॉक की बैठक हो रही है। बैठक में जेएमएम-कांग्रेस और राजद के विधायक और मंत्री शामिल हैं। हेमंत सोरेन के जेल से आने के बाद से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी पहले से अधिक सक्रिय हो गई हैं। कल्पना के साथ होने को राजनीतिक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

### सीएम चंपाई के सभी कार्यक्रम हुए स्थगित

आज की इस बैठक को कई लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंगलवार से ही सीएम चंपाई सोरेन के कई कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। इसके बाद झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर मिलने गए। सूत्रों के मुताबिक दोनों के बीच लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई है। इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी सीएम चंपाई सोरेन से मुलाकात की है।

### पुणे पोर्श केस- नाबालिग के बाद पिता-दादा को भी जमानत

**पुणे.** पुणे के चर्चित पोर्श एक्सीडेंट केस में नाबालिग आरोपी के बाद उसके पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेन्द्र अग्रवाल को भी जमानत मिल गई है। पुणे की कोर्ट ने दोनों को फैमिली ड्राइवर की किडनैपिंग और उस पर घटना की जिम्मेदारी लेने का दबाव बनाने और धमकाने के केस में राहत दी है। सुरेंद्र अग्रवाल जल्द ही जेल से बाहर आ जाएगा। हालांकि, विशाल अग्रवाल अभी जेल में ही रहेगा। उस पर नाबालिग का ब्लड सैंपल बदलने को लेकर भी केस दर्ज है, जिसमें उसे कोई राहत नहीं मिली है। विशाल अग्रवाल को प्रॉपर्टी से जुड़े धोखाधड़ी के एक केस में भी गिरफ्तार किया गया है। उसकी पत्नी और आरोपी की मां भी जेल में है।

पुणे के कल्याणी नगर इलाके में नाबालिग आरोपी ने 18-19 मई की रात IT सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई थी। घटना के समय आरोपी नशे में था।

# खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह 5 जुलाई को लेंगे शपथ



- **क्या जेल से आयेंगे बाहर?**

**नई दिल्ली.** खालिस्तान समर्थक विवादित नेता और खडूर साहिब से नवनिर्वाचित सांसद अमृतपाल सिंह 5 जुलाई को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। राज्य और केंद्रीय एजेंसियों ने रास्ता साफ कर ने उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी है। पंजाब सरकार के एक आला अधिकारी के अनुसार, असम की डिब्रूगढ़ जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत बंद अमृतपाल को डिब्रूगढ़ से दिल्ली लाया जा सकता है। गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने कुछ दिन पहले ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को इस संबंध में अनुरोध भेजा था। इसमें खडूर साहिब से चुने गए सांसद के संसद सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए अस्थायी रिहाई या पैरोल की मांग की गई थी।

पंजाब सरकार के शीर्ष अधिकारी ने बताया, ₹सांसद के रूप में शपथ लेने के लिए अमृतपाल के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वह 5 जुलाई को शपथ लेंगे और वापस डिब्रूगढ़ जेल ले जाया जाएगा।₹ यानी अमृतपाल फिलहाल जेल में ही रहेंगे।

अमृतपाल के कानूनी सलाहकार ईमान सिंह खारा ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने वाले कट्टरपंथी सिख नेता की याचिका एनएसए की धारा 15 के तहत 9 जून को जेल सुपरिटेंडेंट के माध्यम से पंजाब सरकार को भेजी गई थी। डिब्रूगढ़ जेल अधीक्षक ने चिट्ठी अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर को भेजा था, जिन्होंने इसे राज्य सरकार मुख्यालय को भेज था। इसके बाद राज्य सरकार ने स्पीकर से अमृतपाल को शपथ लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

### गृह विभाग की सलाह से लेंगे निर्णय

एनएसए की धारा 15 के मुताबिक सरकार द्वारा हिरासत में लिए गए व्यक्ति को बिना किसी शर्त के या कानून में बताए गए शर्तों के आधार पर जिसे वह व्यक्ति स्वीकार करता है अस्थायी रूप से रिहा किया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी समय उसकी रिहाई को रद्द कर सकता है। अमृतपाल सिंह के एक दूसरे वकील राजदेव सिंह खालसा ने कहा, "पंजाब के गृह सचिव ने बताया है कि उन्होंने चिट्ठी को लोकसभा अध्यक्ष को भेज दिया है। अध्यक्ष 25 जून से शुरू होने वाली 60 दिनों की अवधि के भीतर शपथ ग्रहण के बारे में फैसला ले सकते हैं। नियमों के अनुसार, अध्यक्ष निर्णय लेने से पहले गृह विभाग की सलाह लेते हैं। पंजाब सरकार से जुड़े सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है।

# कंगना को थप्पड़ मारने वाली CISF महिला जवान बहाल

- **तुरंत बेंगलुरु जॉइन करने का आदेश**
- **किसानों पर टिप्पणी से नाराज थी**

**नई दिल्ली.** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हिमाचल की सांसद व बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट को थप्पड़ मारने वाली CISF की महिला जवान कुलविंदर कौर का तबादला कर दिया है। उसे ट्रांसफर लेटर जारी कर फौरन बेंगलुरु एयरपोर्ट में जाकर जॉइन करने के आदेश मिले हैं। सांसद को थप्पड़ मारने के बाद जवान को सस्पेंड कर दिया गया था।

इस मामले में जवान पर मुकदमा भी दर्ज हुआ था। IPC की धारा 323 (मारपीट करना) और 341 (रास्ता रोकने) के तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की थी, लेकिन किसान संगठनों की ओर से इसका विरोध किया गया था।

### क्या थी पूरी घटना

मंडी सीट से लोकसभा चुनाव जीतने वाली कंगना रनोट को 6 जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर CISF की महिला कॉन्स्टेबल कुलविंदर कौर ने थप्पड़ मार दिया। कंगना चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही थीं। तभी एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेक के दौरान महिला कॉन्स्टेबल के साथ बहस हुई और उसने थप्पड़ मार दिया। महिला कॉन्स्टेबल का उसी वक्त एक वीडियो सामने आया जिसमें वो कह रही है, 'कंगना ने कहा था कि 100-100 रुपए की खातिर लोग किसान आंदोलन में बैठ रहे हैं। जब उसने यह बयान दिया तो मेरी मां भी वहां बैठी थी।'

# इस बार जगन्नाथ रथयात्रा 2 दिन की

**7 जुलाई की शाम को शुरू होगी यात्रा, 8 को गुंडिचा मंदिर पहुंचेंगे रथ, 1971 में भी ऐसा हुआ था**

**पुरी.** इस साल पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथयात्रा दो दिन चलेगी। जगन्नाथ मंदिर का पंचांग बनाने वाले ज्योतिषी का कहना है कि इस साल आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष में तिथियां घट गई। जिसके चलते रथयात्रा से पहले होने वाली पूजा परंपराएं 7 जुलाई की शाम तक चलेंगी। रथयात्रा की तिथि में बदलाव नहीं किया जा सकता, इसलिए सुबह शुरू होने वाली रथयात्रा शाम को शुरू होगी। इससे पहले 1971 में भी ऐसा ही हुआ था।



ज्योतिषी डॉ. ज्योति प्रसाद का कहना है, 7 जुलाई को दिनभर पूजा परंपराएं चलेंगी और शाम को 4 बजे के आसपास रथयात्रा शुरू होने की संभावना है। सूर्यास्त के बाद रथ नहीं हांके जाते हैं, इसलिए रथ रास्ते में ही रोके दिए जाएंगे। 8 को सुबह जल्दी रथ चलना शुरू होंगे और इसी दिन गुंडिचा मंदिर पहुंच जाएंगे।

- **दो दिनों की सरकारी छुट्टी**

दो दिन रथयात्रा होने के कारण ओडिशा सरकार ने भी दो दिनों के लिए सरकारी छुट्टी का ऐलान किया है। मंगलवार को पुरी में आयोजित की गई समीक्षा बैठक में सीएम मोहन चरण माझी ने 7 और 8 जुलाई को सरकारी दफ्तर, स्कूल-कॉलेज बंद करने की घोषणा की।

### 15 दिन बीमार रहते हैं भगवान, श्रृंगार 7 जुलाई को होगा

हर साल जेठ महीने की पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ को स्नान करवाया जाता है। इसके बाद वो बीमार हो जाते हैं और आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष के 15 दिनों तक दर्शन नहीं देते। 16वें दिन भगवान का श्रृंगार किया जाता है और नवयौवन के दर्शन होते हैं। इस बार तिथियों की गड़बड़ी के चलते ये पखवाड़ा 15 की बजाय 13 दिन का ही रहा। इसी कारण भगवान के ठीक होने का दिन रथयात्रा वाली तिथि को पड़ रहा है। अब 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ के नवयौवन श्रृंगार के दर्शन होंगे। इसके साथ नैत्रोत्सव भी होगा। रथयात्रा की तिथि बदली नहीं जा सकती, इसलिए श्रृंगार और नैत्रोत्सव के बाद रथयात्रा से जुड़ी पूजा शुरू होगी। इन विधियों के चलते देरी होने से सूर्यास्त के पहले ही भगवान को रथों पर स्थापित कर रथों को खींचा जाएगा।

# भारतीय क्रिकेट टीम बारबाडोस से रवाना

- **खिलाड़ियों ने चार्टर्ड प्लेन से फोटो पोस्ट की**
- **आज सुबह 11 बजे PM मोदी से मिलेगी**

टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद 3 दिन से बेरिल तूफान में फंसी टीम इंडिया बारबाडोस से रवाना हो गई है। टीम को एयर इंडिया की 'चैंपियंस 24 वर्ल्ड कप (AIC24WC)' चार्टर्ड फ्लाइट से वापस लाया जा रहा है। टीम गुरुवार सुबह 7 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। बुधवार को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और शिवम दुबे सहित कई खिलाड़ियों ने ट्रॉफी के साथ फोटो पोस्ट की है। साथ ही ANI ने एक ट्वीट किया, जिसमें प्लेयर्स को फ्लाइट में चढ़ते देखा जा रहा है।

### गुरुवार सुबह 11 बजे PM मोदी से मिलेंगे टीम इंडिया के खिलाड़ी

सुबह दिल्ली पहुंचने के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ी सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा कि प्रधानमंत्री खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे, हालांकि अब तक इस कार्यक्रम की पुष्टि नहीं हुई है। इस पर BCCI से भी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।



ब्रिजटाउन के ग्रांटली एडम्स इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने मंगलवार को अपना ऑपरेशन शुरू कर दिया। इससे पहले टीम को ब्रिजटाउन से शाम 6 बजे स्थानीय समयानुसार (3 जुलाई, 3:30 AM भारतीय समयानुसार) रवाना होना था। तूफान बेरिल अब कैटेगरी 5 से नीचे आकर कैटेगरी 4 का तूफान बन गया है और जमैका की ओर बढ़ रहा है।

### 1 जुलाई को ही वापस आना था

भारतीय टीम को सोमवार को भारत आने के लिए न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से टीम का शेड्यूल बाधित हुआ। रिपोर्ट में कहा गया था कि अटलांटिक में आने वाले बेरिल तूफान के कारण 210 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। कैटेगरी 4 का यह तूफान बारबाडोस से लगभग 570 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व में था और इसकी वजह से एयरपोर्ट पर ऑपरेशन रोक दिए गए थे। टीम ने 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप जीता। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में 17 साल बाद चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, भारत ने 11 साल के बाद ICC ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया है।

# महाराष्ट्र में मिले जीका वायरस के मामले

### सभी राज्यों को अलर्ट रहने का निर्देश

**नई दिल्ली.** केंद्र ने बुधवार को महाराष्ट्र में जीका वायरस के मामलों के मद्देनजर सभी राज्यों को एक परामर्श जारी किया है। महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में जीका वायरस के मामले पाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को परामर्श जारी कर देशभर में हालात पर कड़ी निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। राज्यों से आग्रह किया गया है कि वे गर्भवती महिलाओं की जीका वायरस जांच पर ध्यान केन्द्रित करें तथा संक्रमित पाई जाने वाली महिलाओं के भ्रूण के विकास की निगरानी करें।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल द्वारा जारी परामर्श के अलावा, मंत्रालय ने स्वास्थ्य सुविधाओं से एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति का भी निर्देश दिया, जो एडीज मच्छरों से होने वाले संक्रमण की निगरानी करते हुए कार्रवाई करेगा। जीका वायरस संक्रमण एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। इस मच्छर से डेंगू और चिकनगुनिया भी होता है। 2024 में दो जुलाई तक पुणे में जीका के छह और कोल्हापुर व संगमनेर में एक-एक मामला सामने आ चुका है। जीका वायरस एक मच्छर-जनित वायरस है जो मुख्य रूप से एडीज मच्छरों द्वारा फैलता है, जो डेंगू और चिकनगुनिया के मच्छरों के समान होते हैं।

# पत्नी के अनैतिक संबंध के कारण पति ने की आत्महत्या



**भायंदर.** पत्नी के अनैतिक संबंध और उसके दोनों बच्चों के साथ चले जाने से निराश होकर एक बिजनेसमैन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बात का खुलासा उनके सुसाइड से पहले लिखे नोट से हुआ है। इस मामले में नवघर पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है.

मृतक व्यापारी की पहचान ललित भगवतीलाल जैन (37) के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी अनु जैन और 6 और 13 साल की बेटियों के साथ मीरा रोड के रामदेव पार्क में अन्नपूर्णा बिल्डिंग में रहते थे। पिछले कुछ सालों से दोनों के रिश्ते में तकरार चल रही थी. ललित की पत्नी अनु का शिव सिंह नाम के इस्मा से अफेयर था।

अनु पहले भी दो बार घर छोड़ चुकी थी. पिछले हफ्ते अनु जैन एक बार फिर अपने दोनों बच्चों के साथ घर छोड़कर चली गईं. उन्होंने अपने पति ललित के खिलाफ वालीव पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई थी. 24 जून को पुलिस ने ललित को भी पूछताछ के लिए बुलाया था. घर आने के बाद से ललित तनाव में था। 25 जून को ललित ने अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या से पहले उसने एक नोट लिखकर अपनी मौत के लिए अपनी पत्नी अनु और उसके प्रेमी शिव को जिम्मेदार ठहराया था. ललित के पिता भगवती जैन (62) ने नवघर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इसके अनुसार जांच अधिकारी राहुल सालुंखे ने बताया कि मृतक लाली की पत्नी अनु और उसके प्रेमी शिव सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा 306, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

संक्षेप...

### महिला की हत्या के आरोप में शख्स गिरफ्तार



**ठाणे.** ठाणे में 38 वर्षीय व्यक्ति को महिला की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया। व्यक्ति ने शादी के बाद महिला के साथ संबंध बनाकर रखा था। 38 वर्षीय आरोपी व्यक्ति और 32 वर्षीय महिला का लंबे समय से ही अफेयर चल रहा था। कुछ मुद्दों पर दोनों की हमेशा लड़ाई होती थी। शिल-डायघर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

मंगलवार को दोनों मुंब्रा में एक लॉज में रुके। वहां दोनों के बीच फिर एक बार लड़ाई हुई। इस झगड़े के दौरान व्यक्ति ने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# भिवंडी में अनधिकृत होटलों, बारों व ढाबों पर कार्रवाई शुरू


फाइल फोटो

**भिवंडी.** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा नशीली दवाओं की बिक्री करने वाले अनधिकृत पब, हुक्का पार्लर, बार और अवैध निर्माणों को हटाने के निर्देश के बाद भिवंडी व ग्रामीण इलाकों में मौजूद अनधिकृत होटलों, बारों व ढाबों पर मनपा व जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है.

भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने अनधिकृत पब, हुक्का को हटाने के संबंध में भिवंडी मनपा क्षेत्र में कई अनधिकृत बार और रेस्तरां और देशी बार के खिलाफ कार्रवाई का आदेश संबंधित विभाग को दिया है. यद्यपि महानगरपालिका कार्य क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को व्यवसाय लाइसेंस और अग्नि प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है, लेकिन आज तक 35 बार, रेस्तरां और 20 बिना लाइसेंस वाले होटल और बार संचालित हो रहे हैं. लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख प्रकाश राठौड़ और नितिन चव्हाण, मनपा की टीम के अग्निशमन अधिकारी ने कार्रवाई का नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी है कि अगर लाइसेंस नहीं लिया तो बार एंड रेस्टोरेंट और देसीबार को बंद करने की कार्रवाई की जाएगी.

### कशेली, काल्हेर खाड़ी तटों के अनाधिकृत ढाबों पर कार्रवाई

कलेक्टर अशोक शिनगारे के मार्गदर्शन में राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने राजस्व के सहयोग से, वन विभाग और पुलिस विभाग ने कशेली में छापेमारी कर खाड़ी के तटीय इलाकों में कार्रवाई कर अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया. राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने जिले में अनाधिकृत होटल, बार, ढाबों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। तदनुसार, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने राजस्व विभाग, वन विभाग और मैंग्रोव्ज वन विभाग के माध्यम से मौजे कशेली खाड़ी के तट पर चौपाटी ढाबा और मौजे काल्हेर खाड़ी के तट पर एमएच 10 ढाबा पर जेसीबी की मदद से कार्रवाई की।

इसके अलावा राज्य उत्पाद शुल्क के भिवंडी कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई में कशेली में मोरया ढाबा, खोनी में पूजा ढाबा पर कार्रवाई की गई. उसमें विदेशी शराब और देसीदारु जब्त कर लिया गया. भिवंडी के तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया कि इस संबंध में नारपोली और निज़ामपुरा पुलिस स्टेशनों में मामला दर्ज किया गया है।

### पड़घा में अनाधिकृत होटल, ढाबों पर कार्रवाई

वहीं राजस्व, पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से पडघा में अनधिकृत होटलों, ढाबों और दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की। अनधिकृत निर्माण को नष्ट कर दिया. कलेक्टर अशोक शिनगारे के मार्गदर्शन में भिवंडी उपविभागीय अधिकारी अमित सानप और तहसीलदार अभिजीत खोले की पहल पर यह कार्रवाई की गई. इस अवसर पर मौजे सवाद स्थित संदीप ढाबा, मौजे बापगांव में द बैकयार्ड और जय मल्हार ढाबा, मौजे बोरीवली द्वारा सोनाले में यूपी होटल आदि पर जेसीबी की मदद से कार्रवाई की गई अनधिकृत निर्माणों को नष्ट कर दिया गया। भिवंडी के तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया कि इस कार्रवाई में भिवंडी उपविभागीय कार्यालय, तहसील कार्यालय, पडघा पुलिस ने भाग लिया.

# 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण' योजना में बदलाव

- **आवेदन की बढ़ी तारीख**
- **आयु सीमा 60 से बढ़ाकर 65 की गई**

**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार की तरफ से वित्त मंत्री अजित पवार के बजट में घोषित 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना' के लाभार्थियों के लिए अच्छी खबर है. इस योजना के लिए आवेदन करने की समय सीमा दो महीने बढ़ा दी गई है. अब लाभार्थी महिलाएं 31 अगस्त 2024 तक आवेदन कर सकती हैं. इसी प्रकार अब इस योजना में लाभार्थी महिलाओं का आयु वर्ग 21 से 60 वर्ष के स्थान पर 21 वर्ष से 65 वर्ष किया जा रहा है

वित्त मंत्री अजित पवार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर ट्वीट कर कहा, ₹मंगलवार (2 जुलाई) को विधानसभा में घोषणा की गई कि योजना के प्रति लाभार्थी महिलाओं की प्रतिक्रिया और जन प्रतिनिधियों की मांग को ध्यान में रखते हुए यह समय सीमा बढ़ाई गई है. अधिक महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित करने के लिए



योजना के मानदंडों में कुछ सुधार और शर्तों में ढील दी गई है. 31 अगस्त 2024 तक आवेदन करने वाली लाभार्थी महिलाओं को 1500 रुपये का आर्थिक लाभ दिया जाएगा.₹

### योजना में किया गया ये बदलाव

- अजित पवार ने आगे कहा, इस योजना के पात्रता मानदंड में कहा गया था कि लाभार्थियों का निवास प्रमाण पत्र जरूरी है. अब यदि महिला लाभार्थी के पास 15 साल पहले का निवास प्रमाण पत्र नहीं है, तो राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र में से कोई एक होना चाहिए.
- वहीं अब इस योजना से पांच एकड़ खेती होने की शर्त को खत्म कर दिया गया है. इसी प्रकार अब इस योजना में लाभार्थी महिलाओं का आयु वर्ग 21 से 60 वर्ष के स्थान पर 21 वर्ष से 65 वर्ष किया जा रहा है.
- वित्त मंत्री ने कहा, ₹यदि विदेश में जन्मी महिला का विवाह महाराष्ट्र के निवासी पुरुष से हुआ है, तो ऐसी स्थिति में उसके पति का जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र मान्य होगा.
- यदि 2.5 लाख रुपये का आय प्रमाण उपलब्ध नहीं है, तो पीले और नारंगी राशन कार्ड वाले परिवारों को आय प्रमाण प्रमाण पत्र से छूट दी गई है. योजना में परिवार की एक पात्र अविवाहित महिला को भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा.

# दाऊद के इशारे पर चल रहे ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़

## 327 करोड़ की ड्रग्स जब्त 15 गिरफ्तार

**मुंबई.** काशीमीरा पुलिस ने लगभग 327 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। पुलिस ने तेलंगाना, गुजरात, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह रैकेट डॉन दाऊद इब्राहिम के इशारे पर उसका गुर्गा समील डोला चला रहा था।

मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि काशीमीरा पुलिस ने नालासोपारा से अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से एमडी ड्रग और चार पिस्तौल जब्त की थी। अभिषेक से कड़ी पूछताछ के बाद 15 मई को क्राइम ब्रांच ने शोएब मेमन और निकोलस टाइटस को ठाणे घोड़बंदर से दो करोड़ रुपये की ड्रग के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दयानंद मुद्दनर और बाबा जेनेमिया शेख को हैदराबाद से और एक आरोपित को यहां नरसापुर से गिरफ्तार किया। इनके पास से 20 लाख 60 हजार रुपये कीमत का 103 ग्राम एमडी पाउडर, 25 करोड़ रुपये कीमत का 25 किलो कच्चा एमडी केमिकल और एमडी बनाने के लिए जरूरी अन्य सामग्री जब्त की गई।

पुलिस ने दयानंद से मिली जानकारी के आधार पर धनश्याम सरोज और मोहम्मद मोइन को




गोरेगांव, मुंबई से गिरफ्तार किया। मोईन की कार में 14 लाख की कीमत एमडी ड्रग को जब्त कर किया गया। फिर पुलिस ने 27 मई को बाबू सिद्धेश जाधव को ठाणे से गिरफ्तार कर लिया और उसके घर से 53 हजार रुपये ड्रग बनाने का कच्चा माल जब्त कर लिया गया। इन आरोपितों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने समील डोला को मुंबई से और जुल्फिकार उर्फ मुर्तजा कोठारी को सूरत से गिरफ्तार किया और उनके पास से 10.84 लाख रुपये नकद जब्त किए गए थे। पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने बताया कि इन आरोपितों की निशानदेही पर काशीमीरा इलाके में एमडी ड्रग बनाने का कारखाना भी पुलिस ने ध्वस्त किया था। इस कारखाने में करीब तीन सौ करोड़ की एमडी ड्रग बनाने का सामान कच्चा माल जब्त किया गया था।

पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि यह कारखाना दाऊद इब्राहिम की शह पर समील डोला चला रहा था और गिरफ्तार किए गए आरोपित सीधे दाऊद से बात किया करते थे। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। मई से चल रहे इस ऑपरेशन में पुलिस अब तक 15 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है और चार राज्यों से 327 करोड़ 69 लाख 43 हजार रुपये की ड्रग्स, ड्रग्स बनाने का कच्चा माल जब्त कर चुकी है।

### रेलवे ब्रिज पर महिला पर चाकू से हमला

**वसई.** आरती यादव हत्याकांड अभी ताजा ही था कि विरार में भी ऐसी ही एक घटना हो गई। विरार रेलवे स्टेशन के फुटब्रिज पर 27 साल की एक महिला पर चाकू से हमला किया गया. हमला उसके पति ने किया था और यात्रियों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। फिलहाल महिला का विरार के संजीवनी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

27 वर्षीय महिला विरशी पर काम करने के लिए विरार रेलवे स्टेशन आई थी। सुबह करीब 7 बजे वह विरार स्टेशन के साउथ ब्रिज (एफओबी) पर टहल रही थी, तभी पीछे से आए उसके पति ने उसे चाकू मार दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई. स्थानीय यात्रियों की मदद से रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने आरोपी शिव शर्मा को हिरासत में ले लिया.

ठाणे में दुष्कर्म के मामले में

# दिव्यांग समेत दो लोगों को 20 साल की सजा



**ठाणे.** ठाणे के एक कोर्ट ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में एक दिव्यांग समेत दो लोगों को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने साल 2019 में 12 वर्षीय किशोरी का दो महिने में कई बार योन शोषण किया था। एक कोर्ट ने सजा सुनाते हुए कहा कि दोषियों ने बच्ची का पूरा जीवन बर्बाद कर दिया, जो अपूरणीय क्षति है।

ठाणे की विशेष पॉक्सो कोर्ट की जज रूबी यू. मालवंकर ने 29 जून को मामले में आदेश परित करते हुए दोनों दोषियों पर 26-26 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट के आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। विशेष पॉक्सो कोर्ट की जज ने दोषियों से मिलने वाली जुर्माने की राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में देने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीड़िता को मुआवजा देने के लिए फैसला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के पास भेजने के भी निर्देश दिए। विशेष लोक अभियोजक रेखा हिवराले ने कोर्ट को बताया कि पीड़िता और उसके भाई-बहन महाराष्ट्र के ठाणे शहर के कलवा इलाके में अपने दादा-दादी के साथ रहते थे।

अक्टूबर 2019 में पीड़िता अपनी सहेली के साथ एक पार्क में गई, जहां एक आरोपी ने उसे लालच दे कर फुसलाया। आरोपी ने शारीरिक रूप से दिव्यांग दूसरे आरोपी के घर ले जाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और शोर मचाने पर उसका मुंह बंद कर दिया। आरोपी ने उसे अपराध के बारे किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उसने पीड़िता को धमकाकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। तीन दिसंबर 2019 को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने आरोपियों को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम सहित प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। जज ने आदेश में कहा, "अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर, अपराध में दोनों आरोपियों की संलिप्तता स्पष्ट है।"

# हिजाब बैन के बाद कॉलेज में जीन्स और टी-शर्ट पर भी प्रतिबंध !

**मुंबई.** मुंबई के एक कॉलेज ने छात्रों के फटी जींस, टी-शर्ट, गरिमाहीन कपड़े और जर्सी जैसे कपड़े पहनने पर रोक लगा दी है। इसे लेकर धर्म या सांस्कृतिक असमानता का हवाला दिया गया है। मालूम हो कि इसी कॉलेज ने पहले हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगाया था। चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एन जी आचार्य और डी के मराठे कॉलेज ने 27 जून को ताजा नोटिस जारी किया। इसमें कहा गया कि छात्रों को परिसर में औपचारिक और शालीन पोशाक पहननी चाहिए। नोटिस में कहा गया कि छात्र आधी या पूरी बाजू की कमीज और पेंट पहन सकते हैं। इसमें कहा गया कि लड़कियां कोई भी भारतीय या पश्चिमी पोशाक पहन सकती हैं।

बंबई हाई कोर्ट ने 26 जून को कॉलेज की ओर से हिजाब, बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार



कर दिया था। अदालत ने कहा कि ऐसे नियम छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते हैं। कॉलेज के ताजा नोटिस में कहा गया, 'छात्र कोई भी ऐसा परिधान नहीं पहनें जिससे धर्म या सांस्कृतिक असमानता का पता चले। नकाब, हिजाब, बुर्का, स्टोल, टोपी आदि को भूतल पर बने कॉमन रूम में जाकर उतारना होगा। इसके बाद ही छात्र पूरे कॉलेज परिसर में घूम सकेंगे।'

### 'अनुशासन ही सफलता की कुंजी'

चेंबूर स्थित इस कॉलेज में शिवाजी नगर, गोवंडी और मानखुर्द इलाकों के मुस्लिम समुदाय के कई छात्र पढ़ते हैं। नोटिस में यह भी कहा गया कि 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें कहा गया, 'अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।' कॉलेज संचालन परिषद के महासचिव सुबोध आचार्य ने इस साल की शुरुआत में संस्थान की ओर से जारी परिपत्र का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज की ओर से नए निर्देशों के साथ कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, 'यह कोई नया नोटिस नहीं है। हम छात्रों से केवल ड्रेस कोड का पालन करने के लिए कह रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि वे भड़काऊ कपड़े न पहनें। हम छात्रों से साड़ी या किसी विशेष रंग की पोशाक पहनने के लिए भी नहीं कह रहे।'

# तमन्ना ने गिरवी रखी 7.84 करोड़ की प्रॉपर्टी

- **मुंबई में 18 लाख प्रति माह किराए पर लिया कमर्शियल स्पेस**

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हाल ही में रियल एस्टेट में इन्वेस्टमेंट किया है। जहां एक तरफ एक्ट्रेस ने 7.84 करोड़ रुपए में मुंबई के अंधेरी वेस्ट में तीन रेसिडेंशियल फ्लैट गिरवी रखे हैं। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने मुंबई के जुहू में पांच साल के लिए एक कमर्शियल प्रॉपर्टी किराए पर ली है।

### चौथे और पांचवे साल में बढ़ेगा किराया

रजिस्ट्रेशन के डॉक्यूमेंट्स के अनुसार तमन्ना ने 6065 वर्ग फीट के इस कमर्शियल स्पेस को 3 साल के लिए 18 लाख रुपए प्रति महीने के किराए पर लिया है। वहीं चौथे साल में वो इस प्रॉपर्टी का 20.16 लाख रुपए और पांचवें साल 20.96 लाख रुपए किराया देंगी।



### एक्ट्रेस ने 72 लाख रुपए सिक्योरिटी डिपॉजिट भरा

तमन्ना की यह प्रॉपर्टी नानावटी कंस्ट्रक्शन के जुहू तारा रोड पर बने वेस्टर्न विंड प्रोजेक्ट के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद है।

रिपोर्ट्स की मानें तो 27 जून को इसका रजिस्ट्रेशन हुआ था। डील के लिए तमन्ना ने 72 लाख रुपए सिक्योरिटी डिपॉजिट दिया है।

### तमन्ना ने गिरवी रखे तीन फ्लैट

इससे पहले तमन्ना ने मुंबई के अंधेरी वेस्ट के वीरा देसाई रोड पर स्थित रेसिडेंशियल बिल्डिंग में अपने तीन फ्लैट को इंडियन बैंक के पास 7.84 करोड़ रुपए में गिरवी रखा है। डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक ये तीनों संपत्तियां अंधेरी वेस्ट के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में 2595 वर्ग फुट क्षेत्र में फैली हुई हैं।

# संत निरंकारी मिशन द्वारा मालाड में मुफ्त नेत्र चिकित्सा

- **शिविर में 210 नागरिक लाभान्वित**

**मुंबई.** संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चॅरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार, दि.30 जून को संत निरंकारी सत्संग भवन, कुरार व्हीलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई में आयोजित मुफ्त नेत्रचिकित्सा एवं मोतिबिंदु ऑपरेशन शिविर में 210 नागरिक लाभान्वित हुए. इस शिविर में नेत्र जाँच के दौरान 10 व्यक्तियों को मोतिबिंदु पाया गया जिन्हें उनके मुफ्त ऑपरेशन के लिए के.बी.हाजी बच्चुअली चॅरिटेबल अस्पताल,



मुंबई को संदर्भित किया गया. इसके अतिरिक्त 40 व्यक्तियों को चष्मों का वितरण किया गया और शेष नेत्र रुग्णों को दवाईयों के साथ अपनी आँखों को सुरक्षित रखने के बारे में डॉक्टरों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन किया गया. इस शिविर में नॅशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाईंड एवं पोदार अस्पताल, मुंबई के नेत्र चिकित्सकों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया. मंडल के समाज कल्याण विभाग की श्रीमती प्रेमा ओबेरॉय, ने इस शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी मिशन की ओर से प्रतिमाह प्रथम रविवार को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक वरली नाका म्युनिसिपल स्कूल, वरली, मुंबई में इसी तरह के नेत्रचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है जिसका रजिस्ट्रेशन का समय सुबह 9 से 11 तक होता है. यह शिविर समाज के सभी लोगों के लिए निःशुल्क खुला रहता है. जनसाधारण द्वारा इसका लाभ लेने हेतु मंडल द्वारा आह्वान किया जा रहा है.

# मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 4 लोगों से ठगी

- **करीबन 30 लाख रुपए ठगे**
- **4 साल बाद भी नहीं मिली नौकरी**

**कल्याण.** कल्याण के जिमी बाग इलाके में रहने वाली एक 47 वर्षीय महिला ने दो चचेरे भाइयों और तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर रुपये की उगाही की. भुगतान के चार साल बाद भी नौकरी नहीं मिली, लेकिन पैसे वापस नहीं मिलने पर ठगे गए नागरिकों ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

ठगे गए शिकायतकर्ताओं के नाम मुक्ता लक्ष्मण चंदेलकर (47), मनोज यशवम देवलेकर,




प्रशांत संभाजी चंदेलकर, उमेश विरजी वेगड़ा हैं। शिकायतकर्ता मुक्ता चंदेलकर कल्याण पूर्व के जिमी बाग इलाके में रहती हैं। वह एक ज़ेरॉक्स और टाइपिंग सेंटर चलाती हैं। इससे मिलने वाले पैसे से वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी घनश्याम धाड़े मंत्रालय का परिचित है. उसने चार साल पहले शिकायतकर्ता मुक्ता चंदेलकर सहित तीन लोगों को बताया था कि उसने मंत्रालय में कई लोगों को नौकरी पर रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके बदले में वरिष्ठ अधिकारियों, बिचौलियों को पैसे देने होंगे. मुक्ता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर पैसे देकर नौकरी पाने की तैयारी की।

पिछले चार साल के दौरान धाड़े और पश्ते ने मुक्ता से 11 लाख 65 हजार रुपये, मनोज देवलेकर से 18 लाख 12 हजार रुपये, प्रशांत से 5 लाख 6 हजार रुपये और उमेश से 4 लाख 88 हजार रुपये वसूले. इस तरह आरोपियों ने चार लोगों से 39 लाख 79 हजार रुपये वसूल लिए।

पैसे लेने के बाद शिकायतकर्ता आरोपी से नियुक्ति पत्र की मांग करने लगा। आरोपी वे छुट्टी पर होने का झूठा बहाना बनाकर टालमटोल करने लगे। ऐसे ही कारण बताते-बताते आरोपी को चार साल बीत गए। अगर हमें नौकरी नहीं मिलती है तो हमारे पैसे लौटा दो, शिकायतकर्ताओं ने मांग की। इसके बाद आरोपी ने शिकायतकर्ताओं के संपर्कों का जवाब देना बंद कर दिया। आरोपियों ने उनका पता लगाने की कोशिश की। वे कहीं नहीं मिले. यह महसूस होने पर कि आरोपियों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है, मुक्ता चंदेलकर की पहल पर शिकायतकर्ताओं ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099